BINOD BIHARI MAHTO KOYALANCHAL UNIVERSITY

# BINOD BIHARI MAHTO KOYALANCHAL UNIVERSITY

Dhanbad- 828130

E-mail:- registrarbbmku@gmail.com

पत्रांक .: BBMKU/DSW/R/ 113 /2023, धनबाद, दिनांक – 18/1/23

प्रेषक:

कुलसचिव
बिनोद बिहारी महतो कोयलांचाल विश्वविद्यालय, धनबाद।

सेवा में,

सभी संकायाध्यक्ष, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचाल विश्वविद्यालय, धनबाद।
सभी विभागाध्यक्ष, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचाल विश्वविद्यालय, धनबाद।
सभी प्राचार्य/प्राचार्या अंगीभूत महाविद्यालय /सम्बद्ध महाविद्यालय /बी0 एड0 महाविद्यालय /मेडिकल महाविद्यालय / विधि महाविद्यालय, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचाल विश्वविद्यालय, धनबाद अंतर्गत।

**विषय: "प्रधानमंत्री टी० बी० मुक्त भारत अभियान" अंतर्गत सहयोगात्मक सामुदायिक सहायता हेतु नि-क्षय मित्र बनकर टी० बी० मरीजों को सहायता प्रदान करने एवं इस संबंध में प्रति माह प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंग: राज्यपाल सचिवालय का पत्रांक – Misc-37/2022/3527/रा०स०, रांची दिनांक – 21.12.2022।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में कहना है कि उक्त प्रासंगिक पत्र द्वारा "प्रधानमंत्री टी० बी० मुक्त भारत अभियान" अंतर्गत सहयोगात्मक सामुदायिक सहायता हेतु ज्यादा से ज्यादा नि-क्षय मित्र का पंजीयन नि-क्षय पोर्टल पर संधारित /निबंधन कर टी० बी० मरीजों के उन्मूलन में सहायता प्रदान करने की दिशा में आवश्यक पहल कर प्रतिवेदन प्रति माह उपलब्ध करने का निर्देश प्राप्त हुआ है।

अतः अनुरोध है कि उक्त से संबंधित आवश्यक कार्रवाई करते हुए वांछित प्रतिवेदन तीन दिनों के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन

अनुलग्नक: यथोक्त।

Sudhinta Sinha 18/01/2023

(डॉ0 सुधिन्ता सिन्हा)
कुलसचिव (प्रभारी)

18/01/2023

# राज्यपाल सचिवालय
## झारखण्ड, राँची - 834008

सत्यमेव जयते

दूरभाष - 0651-2283465
2283466
2283467
फैक्स - 0651-2284870
ईमेल - jhrgov@jhr.nic.in
www.rajbhavanjharkhand.nic.in


28

05
4/1/23

पत्रांक-Misc-37/2022/3527/रा.स. राँची, दिनांक-21.12.2022

V.C.s. Office, BBMKU, Dhanbad
Doket No:...04/07
Date:...09/01/23
Signatory

प्रेषक,

मुकुलेश चन्द्र नारायण,
राज्यपाल के विशेष कार्य पदाधिकारी (न्यायिक)

सेवा में,

स्मार

**कुलपति,**
सभी विश्वविद्यालय (सरकारी एवं गैर-सरकारी),
झारखण्ड, रांची।

**विषय :- "प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान" अंतर्गत सहयोगात्मक सामुदायिक सहायता हेतु नि-क्षय मित्र बनकर टी० बी० मरीजों को सहायता प्रदान करने एवं इस संबंध में प्रति माह प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि इस सचिवालय के पत्रांक-3225 दिनांक-22.11.2022 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा आपको "प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान" अंतर्गत सहयोगात्मक सामुदायिक सहायता हेतु ज्यादा से ज्यादा नि-क्षय मित्र का पंजीयन नि-क्षय पोर्टल पर संधारित/निबंधन कर टी० बी० मरीजों के उन्मूलन में सहायता प्रदान करने की दिशा में आवश्यक पहल कर प्रतिवेदन प्रति माह उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया था, किन्तु वांछित प्रतिवेदन अबतक अप्राप्त है।

पुनः निदेश दिया जाता है कि वांछित प्रतिवेदन 07 दिनों के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

अनु०-यथोक्त।

Please do the needful action accordingly.
3/1/23

DSW

Janardan Jee
Please make file
5/01/2023

विश्वासभाजन

21-12-2022
विशेष कार्य पदाधिकारी (न्यायिक)

# राज्यपाल सचिवालय
झारखण्ड, राँची-834008

दूरभाष : 0651-2283465
2283466
2283467
फैक्स : 0651-2201101


(27)

पत्रांक-....................................../रा0स0 राँची, दिनांक:..............

प्रेषक,

नितीन मदन कुलकर्णी,
राज्यपाल के प्रधान सचिव,

सेवा में,

कुलपति,
सभी विश्वविद्यालय, (सरकारी एवं गैर सरकारी)
झारखण्ड, राँची।

विषय :- "प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त भारत अभियान" अन्तर्गत सहयोगात्मक सामुदायिक सहायता हेतु नि-क्षय मित्र बनकर टी0बी0 मरीजों को सहायता प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि झारखण्ड राज्य अन्तर्गत टी0बी0 मुक्त भारत अभियान के सफल संचालन हेतु माननीय राष्ट्रपति महोदया द्वारा दिनांक-09 सितम्बर, 2022 को V.C के माध्यम से शुभारम्भ किया गया है। इस संबंध में माननीय राज्यपाल द्वारा दिनांक-23 सितम्बर, 2022 को आड्रे हाउस सभागार, राँची में प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त भारत अभियान का शुभारम्भ राज्य स्तर पर किया गया है।

टी0बी0 मरीजों की देखभाल के लिए आगे आने वाले व्यक्ति और संस्थाओं को "नि-क्षय मित्र" कहा जायेगा। व्यक्ति/निजी/सरकारी संस्थान द्वारा राज्य जिलों एवं प्रखण्डों में टी0बी0 मरीजों को अपना सकते है अथवा गोद ले सकते है और उन्हें ठीक होने में मदद करने के लिए पोषण तथा उपचार सहायता प्रदान कर सकते है। जैसे-पोषण, व्यावसायिक सहायता, अन्य निदान आदि शामिल है।

टी0बी0 मरीजों की देखभाल करने वाले दानकर्त्ताओं में हितधारक, निर्वाचित प्रतिनिधि, राजनीतिक दलों से लेकर कॉरपोरेट, सरकारी, गैर सरकारी संगठन, संस्थान आदि शामिल हो सकते है। कार्यक्रम के तहत प्रत्येक टी0बी0 मरीजों के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थ जो लाभुक को प्रदान किया जाना है, पत्र के साथ संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि प्रधानमंत्री जी का आह्वान "टी0बी0 उन्मूलन" के लिए भागीदारी का अभियान को सफल बनाने के लिए आप सभी संस्थानों द्वारा ज्यादा से ज्यादा नि-क्षय मित्र का पंजीयन नि-क्षय पोर्टल पर संधारित/निबंधन कर टी0बी0 मरीजों के उन्मूलन में सहायता/सहयोग प्रदान करने की दिशा में आवश्यक पहल कर प्रतिवेदन प्रति माह उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

अनुलग्नक :- यथोक्त।

ह0/-

राज्यपाल के प्रधान सचिव

ज्ञापांक :-....3225..../रा0स0 राँची, दिनांक-22/11/2022

प्रतिलिपि :- विशेष कार्य पदाधिकारी (न्यायिक) को सूचनार्थ तथा उपर्युक्त के आलोक में सभी संबंधित विश्वविद्यालयों से अनुपालन प्रतिवेदन प्रति माह प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

राज्यपाल के प्रधान सचिव

nsda./Ty.Sec.